Bareilly, Monday,
17 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 05 : LEFT MIDDLE

मिलने से पहले बिछड़ गये सस्सी-पुन्नू

एसआरएमएस रिद्धिमा मे रविवार को नई दिल्ली के रुबरू थिएटर ग्रुप ने संगीतमय नाटक सस्सी पुन्नू का मंचन किया. काजल सूरी लिखित और निर्देशित नाटक सस्सी पुन्नू पांच नदियो की धरती की दिल छूने वाली प्रेम कहानियो मे से एक है. अविभाजित पंजाब की इस कहानी पर आधारित संगीतमय नाटक मे दर्शको को समृद्ध लोक संस्कृति से रुबरू कराया गया. इसमे शहज़ादा पुन्नू एक ख़्वाब देखता है जो सस्सी के रूप मे उसकी ज़िंदगी मे साकार होता है. उसे पाने के लिए वो धोबी का रूप भी धारण कर लेता है, लेकिन उसके बड़े भाई को ये रिश्ता बिलकुल मंजूर नही. शादी के दिन ही वो पुन्नू को धोखे से वापस अपने साथ ले जाता है. उसके प्यार मे पागल सस्सी रेगिस्तान मे पुन्नू और जस्सी अंत तक भटकत रहते है. एक दूसरे को खोजते ऐसी दो रूहें अमर हो जाती है. ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे.